
WORLD खबर एक्सप्रेस

पेज 14



युवा सितारे, जिन पर रहेंगी निगाहें

ss.media | www.worldkhabarexpress.com | Daily Evening E-Paper | कानपुरः गुरुवार, 09 जुलाई, 2026

# सीएसए विश्वविद्यालय में दीक्षांत समारोह की तैयारियां पूरी, कल होगा 28वां दीक्षांत समारोह



वर्ल्ड खबर एक्सप्रेस

**कानपुर।** चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में 10 जुलाई को आयोजित होने वाले 28वें दीक्षांत समारोह की तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया गया है। समारोह से एक दिन पहले गुरुवार को विश्वविद्यालय परिसर में व्यापक पूर्वाभ्यास (रिहर्सल) कराया गया, जिसमें कार्यक्रम की सभी व्यवस्थाओं का बारीकी से परीक्षण किया गया।

कुलपति डॉ. संजीव गुप्ता के निर्देशन में राजभवन से आई टीम की मौजूदगी में दीक्षांत समारोह की प्रत्येक गतिविधि का क्रमवार अभ्यास कराया गया। इस दौरान विद्वत पदयात्रा, शैक्षणिक शोभायात्रा, विशिष्ट अतिथियों के आगमन, उपाधि एवं पदक वितरण सहित समारोह के सभी चरणों का पूर्वाभ्यास किया गया।

रिहर्सल के दौरान अधिकारियों ने मंच संचालन, अतिथियों के स्वागत, समयबद्ध कार्यक्रम संचालन और अन्य व्यवस्थाओं का सूक्ष्म निरीक्षण किया। संबंधित समितियों और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए, ताकि समारोह गरिमापूर्ण, व्यवस्थित और निर्धारित समयानुसार संपन्न कराया जा सके। कुलपति डॉ. संजीव गुप्ता ने कहा कि दीक्षांत समारोह विश्वविद्यालय का सबसे प्रतिष्ठित आयोजन होता है। इसकी सफलता के लिए प्रत्येक गतिविधि का पूर्वाभ्यास आवश्यक है, जिससे आयोजन के दौरान किसी प्रकार की असुविधा न हो और पूरा कार्यक्रम निर्धारित समय-सारिणी के अनुसार संपन्न हो सके। रिहर्सल के दौरान विश्वविद्यालय के सभी अधिष्ठाता, निदेशक, विभागाध्यक्ष तथा विभिन्न समितियों के सदस्य मौजूद रहे। विश्वविद्यालय प्रशासन के अनुसार, 28वां दीक्षांत समारोह शुक्रवार 10 जुलाई को दोपहर 2 बजे आयोजित किया जाएगा।

अधिकतम तापमान 33.0 >> न्यूनतम तापमान 27.2 >> सूर्योदय 5:20 >> सूर्यास्त 19:04 >> डॉलर 95.39 » यूरो 109.

देश का विश्वसनीय अखबार

# दैनिक भास्कर

लखनऊ | वर्ष-10, अंक-273 | शुक्रवार 10 जुलाई 2026 | कुल पृष्ठ 20 | मूल्य 5.00 रुपये

## सीएसए में 28वें दीक्षांत समारोह की तैयारियां पूरी, पूर्वाभ्यास में व्यवस्थाओं का हुआ सूक्ष्म परीक्षण



**कानपुर।** चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (सीएसए) में 10 जुलाई को अपराह्न 2 बजे आयोजित होने वाले 28वें दीक्षांत समारोह की तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए गुरुवार को व्यापक पूर्वाभ्यास कराया गया। कुलपति डॉ. संजीव गुप्ता के निर्देशन तथा राजभवन से आई टीम की मौजूदगी में समारोह की सभी गतिविधियों का क्रमवार रिहर्सल हुआ। इस दौरान विद्वत पदयात्रा, शैक्षणिक शोभायात्रा, अतिथियों के स्वागत, पुरस्कार एवं उपाधि वितरण सहित प्रत्येक चरण का अभ्यास कराया गया। अधिकारियों ने कार्यक्रम की समयबद्धता, मंच संचालन, सुरक्षा और अन्य व्यवस्थाओं का सूक्ष्म परीक्षण करते हुए संबंधित अधिकारियों एवं विभिन्न समितियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कुलपति डॉ. संजीव गुप्ता ने कहा कि दीक्षांत समारोह विश्वविद्यालय का सबसे प्रतिष्ठित आयोजन होता है। इसकी गरिमा और सफल संचालन सुनिश्चित करने के लिए प्रत्येक गतिविधि का पूर्वाभ्यास आवश्यक है, ताकि आयोजन के दौरान किसी प्रकार की असुविधा न हो और पूरा कार्यक्रम निर्धारित समय-सारिणी के अनुरूप संपन्न हो सके। रिहर्सल के दौरान विश्वविद्यालय के सभी अधिष्ठाता, निदेशक, विभागाध्यक्ष तथा संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे और आयोजन को सफल बनाने के लिए अपनी जिम्मेदारियों का अभ्यास किया।

# सीएसए और एचबीटीयू का दीक्षांत समारोह आज





कानपुर। हरकोर्ट बटलर टेक्निकल यूनिवर्सिटी (एचबीटीयू) और चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (सीएसए) के दीक्षांत समारोह शुक्रवार को आयोजित होंगे। दोनों विश्वविद्यालयों में होने वाले समारोह की अध्यक्षता कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल करेंगी। एचबीटीयू में 1071 और सीएसए में 372 छात्रों को डिग्रियां मिलेंगी। एचबीटीयू के दीक्षांत के मुख्य अतिथि एफडीडीआई के अध्यक्ष राजेंद्र जालान और सीएसए में दीक्षांत के मुख्य अतिथि बीमस्टेक के महासचिव एंबेसडर इंद्रमणि पांडेय होंगे। सीएसए में 69 छात्रों को पीएचडी उपाधि दी जाएगी। स्नातक पाठ्यक्रम में नौ कुलाधिपति स्वर्ण पदक, नौ विश्वविद्यालय रजत पदक और नौ विश्वविद्यालय कांस्य पदक से मेधावियों को सम्मानित किया जाएगा। इस साल परास्नातक के मेधावियों को दीक्षांत में शामिल नहीं किया गया है। वहीं, एचबीटीयू में इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग के प्रज्ञान वर्मा को कुलाधिपति स्वर्ण पदक, कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग की रैना दीक्षित को कुलाधिपति रजत पदक और तनिष्का को कुलाधिपति कांस्य पदक दिया जाएगा। दीक्षांत में कुल 47 मेधावियों को पदक दिया जाएगा। (ब्यूरो)

अमर उजाला 10/07/2026

# रहस्य संदेश

पृष्ठ : 4 मूल्य : 2.00 रुपये मात्र
एटा कासगंज अलीगढ़ लखनऊ गाजिया

10:07:2026 | वर्ष 20 अंक 177 | RNI-No. UPHIN

## दीक्षांत समारोह की तैयारियों को अंतिम रूप देने को हुआ पूर्वाभ्यास



रहस्य संदेश | अनवर अशरफ़

कानपुर चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर में 10 जुलाई अपराह्न 2 बजे को आयोजित होने वाले 28वें दीक्षांत समारोह की तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए बृहस्पतिवार को व्यापक रिहर्सल कराया गया। कुलपति डॉ संजीव गुप्ता के निर्देशन में राजभवन से आई टीम की मौजूदगी में समारोह की सभी गतिविधियों का पूर्वाभ्यास किया गया और तैयारियों का सूक्ष्म परीक्षण करते हुए संबंधित अधिकारियों एवं समितियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए गए।रिहर्सल के दौरान विद्वत पदयात्रा, शैक्षणिक शोभायात्रा, अतिथियों के आगमन, पुरस्कार एवं उपाधि वितरण सहित समारोह के प्रत्येक कार्यक्रम का क्रमवार अभ्यास कराया गया। अधिकारियों ने कार्यक्रम की समयबद्धता, मंच संचालन और व्यवस्थाओं का बारीकी से निरीक्षण किया ताकि समारोह पूरी गरिमा और अनुशासन के साथ संपन्न कराया जा सके। कुलपति डॉ संजीव गुप्ता ने कहा कि दीक्षांत समारोह विश्वविद्यालय का सबसे प्रतिष्ठित आयोजन होता है। इसकी सफलता के लिए प्रत्येक गतिविधि का पूर्वाभ्यास आवश्यक है, जिससे आयोजन के दौरान किसी प्रकार की असुविधा न हो और पूरा कार्यक्रम निर्धारित समय-सारिणी के अनुसार संपन्न हो सके। रिहर्सल के दौरान सभी अधिष्ठाता,निदेशकगण एवं विभागाध्यक्ष आदि मौजूद रहे।

# एचबीटीयू व सीएसए में मेधावियों को आज मिलेंगे मेडल

## दीक्षांत समारोह में करीब 700 से ज्यादा छात्र–छात्रायें शामिल होंगी

(आज समाचार सेवा)

कानपुर,9 जुलाई। एचबीटीयू व सीएसए में शुक्रवार को आयोजित दीक्षांत समारोह में चांसलर आनंदी बेन पटेल मेधावियों को पदक पहनाकर सम्मानित करेंगी। सीएसए में 372 स्टूडेट्स को डिग्री व 33 को मेडल मिलेंगे। पहले हाफ में एचबीटीयू के शताब्दी सभागार में और दूसरे हाफ में सीएसए के कैलाश सभागार में दीक्षांत समारोह आयोजित किया जायेगा। एचबीटीयू का आठवां दीक्षांत समारोह शुक्रवा र की सुबह वेस्ट कैंपस के शताब्दी आडिटोरियम में आयोजित किया जायेगा। इस दीक्षांत समारोह में इलेक्ट्रिकल एण्ड इलेक्ट्रानिक्स इंजीनियरिंग के छात्र प्रज्ञान वर्मा को चांसलर गोल्ड व कम्प्यूटर साइंस एण्ड इंजीनियरिंग की छात्रा रैना दीक्षत को चांसलर सिल्वर व इसी ब्रांच की तनिष्का को चांसलर ब्रांज मेडल चांसलर आनंदी बेन पटेल देंगी। दीक्षांत समारोह में 47 मेडल 44 मेधावी छात्र छात्राओं को प्रदान किये जायेंगे। यह जानकारी डीन एकेडमिक अफेयर प्रो. वंदना दीक्षित कौशिक ने दी। डीन एकेडमि क ने बताया कि इस बार दीक्षांत समारोह में भाग लेने के लिए करीब 700 से ज्यादा छात्र छात्राओं ने रजिस्ट्रेशन कराया है। कुछ स्टूडेंट्स ऑन द स्पाट रजिस्ट्रेशन करायेंगे। दीक्षांत समारोह में करीब 18 टीचर्स को भी बेस्ट रिसर्च व रिसर्च पेपर पब्लिश करने के साथ साथ पेटेंट फाइल करने वाले शिक्षकों को चांसलर आनंदी बेन पटेल सम्मानित करेंगी। डॉ. राजेश वर्मा, डॉ. एसवीएआर शास्त्री, डॉ. अनुराग सिंह, प्रो रघुराज सिंह, डॉ. दान बहादुर पाल, डॉ. जीएलदेवनानी, डॉ. सचिन कुमार, प्रो राम नरेश त्रिपाठी, डॉ. अनिता यादव समेत 18 टीचर्स को समारोह में सम्मानित किया जायेगा। गवर्नर से एचबीटीयू मित्र को लांच कराया जायेगा। इस एप की वजह से करीब 8 हजार स्टूडेट्स व अभिभावकों को काफी फायदा मिला है। कमप्यूटर साइंस एण्ड इंजीनियरिंग डिपार्टमेंट में एआई लैब का भी शुभारंभ किया जायेगा।

**एडमिशन में शानदार काम करने वाला एचबीटीयू मित्र लांच होगा, सीएसए में 372 को उपाधियां व 33 छात्रों को मेडल मिलेंगे**

# दीक्षांत समारोह की तैयारियों को अंतिम रुप देने को हुआ पूर्वाभ्यास

(संवाददाता दीक्षालय प्रवाह)

कानपुर। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर में 10 जुलाई अपराह्न 2 बजे को आयोजित होने वाले 28वें दीक्षांत समारोह की तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए बृहस्पतिवार को व्यापक रिहर्सल कराया गया। कुलपति डॉ संजीव गुप्ता के निर्देशन में राजभवन से आई टीम की मौजूदगी में समारोह की सभी गतिविधियों का पूर्वाभ्यास किया गया और तैयारियों का सूक्ष्म परीक्षण करते हुए संबंधित अधिकारियों एवं समितियों को जरूरी दिशा–निर्देश दिए गए।रिहर्सल के दौरान विद्वत पदयात्रा, शैक्षणिक शोभायात्रा, अतिथियों के आगमन, पुरस्कार एवं उपाधि वितरण सहित



समारोह के प्रत्येक कार्यक्रम का क्रमवार अभ्यास कराया गया। अधिकारियों ने कार्यक्रम की समयबद्धता, मंच संचालन और व्यवस्थाओं का बारीकी से निरीक्षण किया ताकि समारोह पूरी गरिमा और अनुशासन के साथ संपन्न कराया जा सके। कुलपति डॉ संजीव गुप्ता ने कहा कि दीक्षांत समारोह विश्वविद्यालय का सबसे प्रतिष्ठित आयोजन होता है। इसकी सफलता के लिए प्रत्येक गतिविधि का पूर्वाभ्यास आवश्यक है, जिससे आयोजन के दौरान किसी प्रकार की असुविधा न हो और पूरा कार्यक्रम निर्धारित समय–सारिणी के अनुसार संपन्न हो सके। रिहर्सल के दौरान सभी अधिष्ठाता, निदेशकगण एवं विभागाध्यक्ष आदि मौजूद रहे।